# सिवनी को मिलेगा आधुनिक एजुकेशन कॉम्पलेक्स

## भाजपा युवा मोर्चा के नेतृत्व में स्कूल शिक्षा मंत्री को सौंपा गया ज्ञापन

**सिवनी नवभारत। भारतीय जनता युवा मोर्चा, सिवनी के नगर अध्यक्ष ऋषभ चौरसिया के नेतृत्व में आज सिवनी जिले में एकीकृत जिला शिक्षा अधिकारी भवन निर्माण की मांग को लेकर स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रतापसिंह को विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया।**

ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, समस्त बीआरसी कार्यालय एवं जिला शिक्षा केंद्र सिवनी के विभिन्न अधिकारी अलग-अलग स्थानों पर संचालित हो रहे हैं। इस बिखरी हुई व्यवस्था के कारण प्रशासनिक समन्वय में बाधा, अभिलेख प्रबंधन में कठिनाई तथा शिक्षकों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों को अनावश्यक आवागमन का सामना करना पड़ता है।

### शिक्षा प्रशासन को मिलेगी नई दिशा

नगर अध्यक्ष ऋषभ चौरसिया ने बताया कि सिवनी जैसे तेजी से विकसित हो रहे जिले में शिक्षा विभाग का एक आधुनिक, सुव्यवस्थित एवं तकनीकी सुविधाओं से युक्त "Integrated Education Comple&" समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यदि सभी शिक्षा प्रशासनिक इकाइयाँ एक ही भवन में संचालित होंगी तो प्रशासनिक पारदर्शिता में वृद्धि होगी। निर्णय प्रक्रिया में तीव्रता आएगी, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को एक ही स्थान पर सभी सेवाएँ उपलब्ध होंगी, डिजिटल रिकॉर्ड प्रबंधन संभव होगा साथ ही समय एवं शासकीय संसाधनों की बचत होगी।

### विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ

ऋषभ चौरसिया ने कहा कि सिवनी जिले के हजारों विद्यार्थी, शिक्षक एवं कर्मचारी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इस व्यवस्था से जुड़े हैं। एकीकृत भवन बनने से शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली अधिक प्रभावी एवं जवाबदेह बनेगी, जिससे विद्यार्थियों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार अधोसंरचना को मजबूत कर रही है और सिवनी जिले को भी शीघ्र ही इस महत्वपूर्ण परियोजना की सौगात मिलेगी। मंत्री श्री सिंह ने विषय को गंभीरता से लेते हुए सकारात्मक आश्वासन प्रदान किया।



### प्रस्तावित भवन में होंगी ये सुविधाएं


ज्ञापन में निम्न व्यवस्थाओं सहित भवन निर्माण का प्रस्ताव रखा गया इनमें जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, समस्त बीआरसी कार्यालय, जिला शिक्षा केंद्र अधिकारी/कर्मचारी कक्ष, आधुनिक कॉन्फ्रेंस हॉल एवं प्रशिक्षण कक्ष, डिजिटल रिकॉर्ड रूम (अभिलेखागार), जनसुनवाई एवं सुविधा केंद्र, पर्याप्त पार्किंग एवं मूलभूत अधोसंरचना शामिल रहेंगे।

# छपारा में राहुल किराना स्टोर्स को इंप्रूवमेंट नोटिस जारी

चार और प्रतिष्ठानों से लिए खाद्य पदार्थ के नमूने, जारी है कार्यवाही

**छपारा नवभारत। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के नागरिकों को स्वच्छ एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश पर 27 फरवरी को दोपहर खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग ने नगर के कोने कोने में भ्रमण कर अनेक प्रतिष्ठानों पर पहुंच कर निरीक्षण किया वहीं विक्रेताओं के खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच हेतु नमूनों को भी एकत्रित किया।**

वहीं नगर के राहुल किराना स्टोर्स में अनियमितता पाए जाने पर इंप्रूवमेंट नोटिस जारी किया गया मिली जानकारी के अनुसार सिवनी खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग के दल द्वारा गुप्ता नमकीन से नमकीन सेव, कुंडा पेड़ा, श्याम डेयरी से भैंस का दूध, पनीर, अंबर डेयरी से दही, पनीर, राहुल किराना से मसूर दाल, गुरु नानक किरण से सोयाबीन तेल एवं सूजी का नमूना गुणवत्ता जांच हेतु लिया गया।





एक नजर में

## शिवम ठाकुर ने एनएमएमएस परीक्षा में किया नाम रोशन

### राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में नागपुर में किया शानदार प्रदर्शन

सिवनी। राष्ट्रीय स्तर की एनएमएमएस (नेशनल मीन्स-कम-मेरिट स्कॉलरशिप) परीक्षा में सिवनी के मेधावी छात्र शिवम ठाकुर ने अव्वल स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन किया। नागपुर में आयोजित परीक्षा में शिवम ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उनकी इस उपलब्धि के पीछे कठिन परिश्रम और शिक्षकों का मार्गदर्शन भी महत्वपूर्ण रहा। विशेष रूप से कुर्वेज स्कूल, नागपुर की शिक्षिका विद्या घोटेकर ने शिवम को विषयवार तैयारी, समय प्रबंधन और अभ्यास पर निरंतर मार्गदर्शन दिया। शिवम पहले भी अपनी प्रतिभा का परिचय दे चुके हैं। वे शतरंज में राज्य स्तर तक पहुंचकर पुणे में आयोजित प्रतियोगिता में भाग ले चुके हैं। पढ़ाई और खेल दोनों क्षेत्रों में संतुलन बनाते हुए उन्होंने यह उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। बता दे शिवम ठाकुर महाराज बाग, भैरोगंज निवासी जोगेश ठाकुर के पुत्र है। परिजनों का कहना है कि शिवम नियमित अध्ययन और अनुशासन को अपनी सफलता का मंत्र मानते हैं। शिवम की इस उपलब्धि से जिले के अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिली। शिक्षकों, मित्रों और परिजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



## शिवम ने शतरंज प्रतियोगिता में नागपुर में लहराया परचम


सिवनी। नागपुर में आयोजित शतरंज प्रतियोगिता में सिवनी जिले के महाराजबाग, भैरोगंज निवासी तथा कुर्वेज स्कूल, नागपुर में अध्ययनरत कक्षा 8वीं के दृष्टिबाधित छात्र शिवम ठाकुर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिवम ने सामान्य विद्यार्थियों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए अपनी अद्भुत एकाग्रता, धैर्य और रणनीतिक क्षमता का परिचय दिया। प्रतियोगिता में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें फ्रबेस्ट यंग स्टूडेंट अवॉर्डफ्र, बोर्ड पुरस्कार प्रोत्साहन राशि सहित अन्य सम्मान प्रदान किए गए। शिवम, सहकारिता विभाग में मैनेजर पद पर कार्यरत श्री जोगेश ठाकुर के सुपुत्र हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, विद्यालय तथा पूरा सिवनी जिला गौरवान्वित ह शिवम की इस सफलता के पीछे कुर्वेज स्कूल की शिक्षिका मैडम विधा घोटेकर का विशेष कुशल मार्गदर्शन रहा। उनके निरंतर प्रोत्साहन एवं समर्पित प्रशिक्षण से शिवम की प्रतिभा और निखरी। इस उपलब्धि से न केवल विद्यालय परिवार बल्कि पूरा सिवनी जिला गौरवान्वित है। शिवम ने यह साबित कर दिया कि दृढ़ संकल्प और सही मार्गदर्शन से कोई भी बाधा सफलता की राह में रुकावट नहीं बन सकती।



# थाना धनौरा पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सिवनी नवभारत।** पुलिस अधीक्षक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी घंसौर के निर्देशन में थाना धनौरा पुलिस द्वारा हत्या के प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

26 फरवरी को प्रार्थिया तारा बाई ने रिपोर्ट में बताई कि दिनांक 25.02.2026 की रात लगभग 21ः30 बजे उसका पति धरम सिंह घर आया और अपने पिता भावसिंह से विवाद करने लगा। इसी दौरान आरोपी भावसिंह ने आंगन में जल रही आंगिठी से लकड़ी उठाकर धरम सिंह के सिर में मार दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आई और उपचार दौरान उसकी मृत्यु हो गई। रिपोर्ट पर थाना धनौरा में अपराध क्रमांक 37/2026 धारा 103 (1) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को दिनांक 27.02.2026 को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।



गिरफ्तार आरोपी - भावसिंह पिता रख, मंगल सिंह कुसरे, उम्र 50 वर्ष, निवासी ग्राम बारूबंद चौकी सुनवारा थाना धनौरा जिला सिवनी (म.प्र.)

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी मनीष बंसोड़, चौकी प्रभारी सुनवारा उनि कोमेन्द्र कुमार गौतम, आर. केशु सरयाम, आर. सतेन्द्र प्रजापति, चालक आर. मंजीत यादव की विशेष भूमिका रही।

# मध्य प्रदेश शिक्षक संघ ने किया शिक्षा मंत्री का सम्मान

**सिवनी नवभारत।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिला शाखा सिवनी द्वारा आज प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के शिवनी आगमन पर मंत्री को फलों से तोल कर उनका स्वागत अभिनंदन किया सर्वप्रथम स्कूल स्कूल शिक्षा मंत्री का स्वागत पुष्पहार एवं शाल श्रीफल से प्रांतीय शैक्षिक प्रकोष्ठ प्रभारी विजय शुक्ला एवं जिला अध्यक्ष अविनाश पाठक एवं जिला संगठन मंत्री अनिल शर्मा द्वारा किया गया।

इसके पश्चात मंत्री को फलों से लदे हुए तुला पर बैठ कर उनका हार्दिक अभिनंदन किया गया मध्य प्रदेश शिक्षक संघ ने यह कार्यक्रम प्रदेश के शिक्षकों को जिन्हें 1 जुलाई 2023 एवं उसके पश्चात 35 वर्ष की सेवाएं पूर्ण कर ली है उन्हें मध्य प्रदेश शासन द्वारा चतुर्थ समय मान वेतनमान की पात्रता प्रदान की गई थी इस अवसर पर मध्य प्रदेश जिला शाखा सिवनी द्वारा मंत्री महोदय का हार्दिक अभिनंदन किया गया इसके पश्चात जिला अध्यक्ष अविनाश एवं प्रांतीय प्रकोष्ठ प्रभारी विजय शुक्ला संगठन मंत्री अनिल शर्मा जिला सचिव संतोष सूर्यवंशी एवं कोषाध्यक्ष श्री पटले और प्द्वारा मंत्री महोदय से अध्यापक संवर्ग का नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठ एवं चतुर्थ समय मान वेतनमान के शीघ्र आदेश प्रसादित करने की पर चर्चा की गई जिस पर मंत्री महोदय द्वारा शीघ्र पूर्ण करने के आश्वासन दिया गया और कहा गया कि यह कार्य शीघ्र संपन्न कराया जाएगा प्रदेश शासन हमेशा मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के साथ है मध्य प्रदेश शिक्षक संघ द्वारा यह उपलब्धि प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष डॉक्टर क्षत्रवीर सिंह राठौड़ एवं महामंत्री श्री राकेश गुप्ता द्वारा किए गए प्रयासों का परिणाम है कि प्रदेश के सभी उच्च श्रेणी शिक्षकसहायक शिक्षक माध्यमिक शिक्षक प्राथमिक शिक्षक तथा उच्च श्रेणी शिक्षक से पदोन्नति प्राप्त किया सभी कर्मचारियों को चतुर्थ समय वेतनमान का लाभ प्रदान किया गया है इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी पूर्व विधायक नरेश दिवाकर पूर्व सांसद ढाल सिंह बिसेन के साथ ही मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के सचिव संतोष सूर्यवंशी कोषाध्यक्ष कन्हैया लाल पतले कुरई शाखा की ओर से मनोज कश्यप छपारा से अजय यादव कु रई के संगठन मंत्री विनोद त्रिवेदी उमेश यूके श्रीमती पूजा पांडे श्रीमती टीवी शिव सचिन जैन रघुनाथ चौकसे ब्रह्मांड राय अजय नेमा एवं शिक्षक संघ के लगभग 100 से 150 कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी शिव सिंह कमरे भी कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित रहे



## धुरेड़ी पर 4 मार्च को दोपहर 3 बजे तक शुष्क दिवस

सिवनी। जिला मुख्यालय सिवनी में आयोजित शांति समिति बैठक में जानकारी दी गई कि इस वर्ष चन्द्रग्रहण के कारण धुरेडी का पर्व 04 मार्च 2026 को मनाया जाएगा। इस पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती शीतला पटले ने कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से 04 मार्च, मंगलवार को दोपहर 3 बजे तक पूरे सिवनी जिले में शुष्क दिवस घोषित किया है।





कथा का समापन, हुआ महाप्रसाद वितरण

**सिवनी नवभारत।** श्री मदभागवत कथा की पूर्ण आहुति, और विशाल भंडारे (महाप्रसाद) के साथ श्री द्वारकाधीश मन्दिर प्राण-प्रतिष्ठा-यज्ञ-भागवत सप्तदिवसिय आयोजन का समापन हुआ, इस भव्य अनुष्ठान के अंतिम दिवस हजारो श्रद्धालुओ से महाप्रसाद ग्रहण किया, कथा व्यास ब्रह्मचारी श्री निर्विकल्प स्वरूप जी महाराज ने स्वयं श्रद्धालुओं को भोजन परोसा।

# शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय ने आयोजित किया नि :शुल्क चिकित्सा शिविर


**लखनादौन नवभारत।** शासन के आदेश अनुसार कलेक्टर शीतल पटले निर्देशन में एवं जिला अधिकारी डॉक्टर यशवंत माथुर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत आयुष चिकित्सा एवं योग के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय लखनादौन द्वारा शासकीय कन्या शिक्षा परिषर लखनादौन में निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 180 बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधीय वितरित की गई डीआर दीक्षा धुर्वे एवं डॉ रेखा करवेती के द्वारा किशोरी बालिकाओं को ऋतुचार्य एवं मासिक चक्र के समय होने वाली कठिनाइयां एवं स्वच्छता के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई आंगनवाड़ी कार्यकर्ता प्रतिभा नेमा एवं सहायिका हेमलता डहेरिया द्वारा माहवारी स्वच्छता उदिता संतुलित पोषाणाहार, तिरंगा थाली, लालिमा दिवस की समझाइए दी गई! आयुष विभाग से श्रीमती प्रभा झारीया, शीला गुर्देकर, लक्ष्मी टेकाम, अनिल रजक का योगदान रहा! कार्यक्रम में उपस्थित कन्या शिक्षा परिषद प्राचार्य अनिल कुमार चौरसिया आदित्य का ज्योति नंदौर एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे! आयुष विभाग के योगेश गुर्देकर ने बताया की आवासीय शिक्षा परिसर होने से बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण समय-समय पर किया जाएगा।



## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एचपीवी टीकाकरण अभियान का हुआ शुभारंभ

**छपारा नवभारत।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 28 फरवरी दिन शनिवार को दोपहर 1 बजे राष्ट्रीय एच पी बी टीका कारण अभियान के साथ -साथ नगर पर भी यह विशेष वैक्सीन अभियान की शुरूआत हुई उक्त अवसर पर जिला भाजपा मंडल उपाध्यक्ष ठाकुर नवनीत सिंह, छपारा भाजपा मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह ,नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमती निशा सुरेश पटेल उपाध्यक्ष शिवाकांत सिंह ,जयदीप चौहान सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि की उपस्थिति रही ज्ञात हो कि सर्वाइकल कैंसर के विरुद्ध राष्ट्रव्यापी एच पी बी टीका कारण अभियान है जिसमें 14 वर्ष की बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन का टीका लगाया जाएगा। केंद्र सरकार द्वारा महिला स्वास्थ्य की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है नारी शक्ति के सशक्तिकरण को समर्पित केंद्र सरकार महिला स्वास्थ्य की दिशा में बेटियों के सुरक्षित और संरक्षित भविष्य की ओर यह एक बड़ा कदम है इस राष्ट्रव्यापी एच पी वी टीका कारण अभियान से भविष्य में सर्विकल कैंसर के मामले में कमी लाई जा सकती है। एच पी वी टीका करण सुरक्षा का संकल्प सर्विकल कैंसर से बेटियों का जीवन बचाने का नया विकल्प है।

# देर रात उत्पाद मचा रही तेज साइलेंसर वाली बुलेट पर कोतवाली पुलिस ने की कार्यवाही



**सिवनी नवभारत।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा तेज व मॉडीवाई सायलेंसर वाहनों पर आपत्ति जाहिर की जा रही है जो थाना कोतवाली द्वारा पूर्व में कई बुलेट एवं मोटर साइकिल जिनमें तेज आवाज एवं मॉडीफाईड सायलेंसर के विरूद्व अभियान छेड़ा गया था जो इसी क्रम में पूर्व के मुताबिक लगातार कार्यवाही करते हुए एक और बुलेट मोटर साइकिल को शहर में तेज आवाज में सायलेंसर का उपयोग करते वाहन चलाते पाया गया।

26 फरवरी को कोतवाली पुलिस द्वारा छोटी मस्जिद चौक पर पेट्रोलिंग के दौरान 01 बुलैट वाहन जिसका नम्बर एपी 12 एन 7091 था जिसमें तेज आवज सायलेंसर लगा था चलाते पाये जाने पर बुलेट वाहन थाना लाकर खडा किया गया एवं बुलेट चालक के विरूध्द मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 198,119/190(2), 51/177 मो. व्ही. एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए कुल 2500/- रूपये का समन शुल्क वसुल कर चालक को आवश्यक हिदायत दी गई। इस कार्यवाही में निरीक्षक सतीश तिवारी, आर. विनय सेंगर, संतोष साहू एवं राजेन्द्र राजपूत की सराहनीय योगदान रहा।

आयोजन — मशहूर वैज्ञानिक डॉ. सीवी रमन के रमन की स्मृति में मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस, वक्ताओं ने रखे विचार

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस : वैज्ञानिक दृष्टिकोण रखना हर नागरिक का कर्तव्य

**सिवनी नवभारत।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने विज्ञान के मॉडल बनाए, प्रश्नमंच प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और विद्वान वक्ताओं के व्याख्यान के माध्यम से विज्ञान के महत्व को समझा ।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में सेवानिवृत्ति प्राध्यापक डॉ. एमसी सनोडिया और एडवोकेट मंगला शेन्डे ने माँ सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

अपने संबोधन में डॉ. एमसी सनोडिया ने कहा कि भारत की अपनी सुदृढ़ ज्ञान परंपरा रही है, जिसमें विज्ञान का महत्व रहा है. भारतवर्ष को विश्व गुरु कहा जाता था. कहा कि 2047 तक हम पुन: ज्ञान विज्ञान के क्षेत्र में सबसे आगे रहेंगे.



बतौर मुख्य वक्ता एडवोकेट मंगला शेन्डे ने बताया कि मशहूर वैज्ञानिक डॉ. सीवी रमन के रमन प्रभाव की खोज की स्मृति में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है. एडवोकेट शेन्डे ने बड़े ही सरल शब्दों में रमन प्रभाव को समझाते हुए विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति रुचि जगाने के लिए प्रेरित किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ रविशंकर नाग ने कहा कि विज्ञान एक वरदान है, लेकिन इसका दुरुपयोग होने पर यह अभिशाप भी बन सकता है। उन्होंने बताया कि भारतीय ज्ञान परंपरा में विज्ञान हमेशा उपस्थित रहा है।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रोफेसर सत्येन्द्र शेन्डे ने कहा कि धर्म, विज्ञान, साहित्य यानि ज्ञान और संस्कृति समाज और राष्ट्र के नियामक तत्व हैं. कहा कि वैज्ञानिक चेतना जागृत रखना और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाना भारत के प्रत्येक नागरिक का मूल कर्तव्य है. बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा देवांशी पटले ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं का भी विज्ञान की प्रगति में विशेष सहयोग रहा है . कुछ कारणों से महिलाओं को विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने से रोका गया. लेकिन आज देश को अपनी महिला वैज्ञानिकों पर गर्व है.

प्रश्न मंच प्रतियोगिता में देवांशी पटले प्रथम, झींगु डहेरिया द्वितीय और नेहा परमार तीसरे स्थान पर रहे.

विज्ञान प्रदर्शनी में समीक्षा गौतम एवं साथियों के तप्त खल यंत्री मॉडल को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ. रक्त परिसंचरण तंत्र के मॉडल को दूसरा स्थान हासिल हुआ. छात्र मुस्कान चौहान के इलेक्ट्रॉनिक स्पेक्ट्रा मॉडल को तीसरा स्थान मिला. सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया.

कार्यक्रम की रूपरेखा भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के सहसंयोजक डॉ. जैन कुमार पंचेश्वर ने प्रस्तुत की, जबकि कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर सत्येन्द्र शेन्डे ने किया। अभिषेक पटेल और सतीश रजक का विशेष सहयोग रहा.

### विज्ञान प्रदर्शनी और विज्ञान प्रश्नमंच का हुआ आयोजन

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर युवा विद्यार्थियों के मॉडल की प्रदर्शनी भी लगाई गई. डॉ. एमसी सनोडिया और एडवोकेट मंगला शेन्डे ने छात्र छात्राओं द्वारा बनाए गए मॉडलों की सराहना की। उन्होंने छात्र छात्राओं को भविष्य में ऐसे और मॉडल बनाकर विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विज्ञान से जुड़े कई आकर्षक प्रोजेक्ट और मॉडल प्रदर्शित किए, जिन्हें देखकर सभी प्रभावित हुए।

# कतिया समाज संस्था की केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

**सिवनी नवभारत।** विगत दिनों मध्य प्रदेश कतिया समाज संस्था की केन्द्रीय कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक होटल किंगफिशर में प्रांतीय अध्यक्ष श्रवण कुमार आम्रवंशी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में केन्द्रीय कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी, विभिन्न जिलों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज के सर्वांगीण विकास हेतु ठोस रणनीति तैयार करना रहा। इस दौरान शिक्षा, सामाजिक एकजुटता, युवा सशक्तिकरण, आर्थिक उन्नयन तथा संगठन विस्तार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने समाज के उत्थान के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर देते हुए विभिन्न प्रस्ताव पारित किए राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री आम्रवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि समाज की प्रगति के लिए संगठनात्मक मजबूती और आपसी समन्वय आवश्यक है। उन्होंने सभी जिला इकाइयों से सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। बैठक में मंडला जिला अध्यक्ष आरएस नाग भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।



सिवनी नगर अध्यक्ष कौशले का हुआ सम्मान

उन्होंने मंडला जिले में सामाजिक विकास कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। अंत में सर्वसम्मति से समाजहित में लिए गए निर्णयों को शीघ्र क्रियान्वित करने का संकल्प लिया गया। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। मध्य प्रदेश की समस्त जिले से आए कतिया समाज के पदाधिकारीयो का सम्मान किया गया साथ ही उन्हें पुष्प देकर सम्मानित किया गया इसी बीच लगातार सिवनी जिले में कतिया समाज को सिवनी जिले में एक अलग ही पहचान बनाने वाले और हर समय समाज के लिए सुख-दुख में खड़े होकर हमेशा समाज के प्रति अच्छी सोच और तन मन से सहयोग करने वाले समाज के नगर अध्यक्ष सिवनी दयाराम उर्फ बबलू कौशले का भी पुष्पमाला से सम्मान किया गया जहां भारतीय कातिया समाज संस्था के प्रांतीय अध्यक्ष श्री एस के आम्रवंशी द्वारा सामाजिक बंधुओं के समक्ष किया गया ।समाज के लिए जो काम कर रहे हैं उनके लिए भी उन्होंने आगे समाज के प्रति क्या करना है कैसे करना है यह सब बातें बताई जिसमें जिले के समस्त समाज के पदाधिकारीयो की उपस्थिति भी जिले के लिए एक नई ऊर्जा और पहचान देने का काम किया।